çknf'kd lekpkj
fnukad&23-03-2026 ¼nksigj& 1455 cts½

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज लोकसभा में पश्चिम एशिया संघर्ष पर भारत का पक्ष रखा। उन्होंने इस स्थिति को चिंताजनक बताते हुए कहा कि सरकार भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह सतर्क है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि वैश्विक संकट के बावजूद देश में एलपीजी और कच्चे तेल की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी।

****

झारखंड हाईकोर्ट के कड़े रुख के बाद राज्य सरकार ने संवैधानिक पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया तेज कर दी है। महाधिवक्ता ने अदालत को सूचित किया है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 25 मार्च को चयन समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इसमें लोकायुक्त और मुख्य सूचना आयुक्त के रिक्त पदों को भरने पर निर्णय लिया जाएगा। वरीय अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि हाईकोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई 1 अप्रैल तय की है और स्पष्ट किया है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए इन पदों का भरा होना अनिवार्य है।

****

रांची के नामकुम स्थित आईपीएच प्रेक्षागृह में कल दोपहर 1 बजे विश्व यक्ष्मा दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी चयनित चिकित्सा पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह भी मौजूद रहेंगे।

****

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में माई वेव्स और इन–बिल्ट टीवी ट्यूनर जैसी नई तकनीकी पहलों का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि तकनीक के लोकतंत्रीकरण से टीवी देखने का अनुभव बदल गया है और अब सेट–टॉप बॉक्स की जगह टीवी में ही कार्ड इन–बिल्ट होंगे। माई वेव्स मंच के जरिए देश की संस्कृति, पर्यटन और क्षेत्रीय कहानियों को बढ़ावा मिलेगा। यह फ्री डिश पहल, प्रसार भारती और टीवी निर्माताओं के साझा सहयोग का परिणाम है।

****

साहेबगंज में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के मेरा युवा भारत द्वारा शहीद दिवस मनाया गया। इस दौरान गैस गोदाम से भगत सिंह चौक तक देशभक्ति नारों के साथ भव्य पदयात्रा निकाली गई। माय भारत के चंदन कुमार ने बताया कि माय भारत मेरी जिम्मेदारी अभियान के तहत युवाओं को नागरिक कर्तव्यों और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कार्यक्रम में दर्जनों छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

****

राज्य में चैती छठ को लेकर भक्ति का माहौल है। आज शाम इस सिलसिले में खरना का अनुष्ठान होगा। सिमेडगा की उपायुक्त कंचन सिंह स्वयं यह व्रत कर रही हैं और लोक कल्याण की कामना के साथ अर्घ्य की तैयारी में जुटी हैं। उन्होंने केलाघाघ छठ घाट का निरीक्षण कर अधिकारियों को सभी जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

****

राज्य में मौसम का मिजाज फिर बदलने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार, 26 मार्च से राज्य के दक्षिणी हिस्सों में मेघ गर्जन के साथ बारिश के आसार हैं। वहीं 27 और 28 मार्च को तेज हवा और वज्रपात की चेतावनी जारी की गई है। हालांकि फिलहाल तापमान में 5 से 6 डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी का अनुमान व्यक्त किया गया है।

****